Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite investigation into the alleged incidents of violence against Sikhs and burning of Guru Granth Sahib.

श्री रवनीत सिंह (लुधियाना): स्पीकर साहब, आपने मुझे कल भी बोलने का मौका दिया था । आप हमेशा मुझे बोलने का मौका देते हैं और आज भी मौका दे रहे हैं, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

सर, आज मैं खास तौर से सीबीआई की बात कर रहा हूं, जो हमारी प्रीमियर एजेंसी है और देश का उसके ऊपर विश्वास है । जब राज्य में कई चीजें विश्वास से टूट जाती हैं तो राज्य सीबीआई के पास वह केस रेफर करती है । सीबीआई को तीन केस रेफर किए गए थे । पंजाबी में बेअदबी कहते हैं और सैक्रिलेज कहते हैं । हम सभी धर्मों को मानते हैं । हम गीता की बात करें, कुरान शरीफ की बात करें और सिखों के लिए गुरु ग्रंथ साहिब को मानने से बड़ी कोई बात नहीं है । पंजाब सरकार ने वर्ष 2015 में सीबीआई को केस रेफर कर दिया । सीबीआई का काम है, प्रोसीक्यूशन करना, उस केस को खड़ा करना, तभी आपको केस दिया गया, लेकिन आपने डिफेंस का काम किया । हम ने आपको बोला कि गुरु ग्रंथ साहिब चोरी हुई, चोरी हुई थी, उसमें कोई शक नहीं । यह बोला गया कि हम इसके पन्ने फाड़ेंगे, वह किया और पोस्टर लगाए । उधर बाबा की एमएसजी पिक्चर रिलीज हो रही थी । उस बाबा के बारे में आप जानते हैं, जो पिक्चर्स भी बनाता था ।...(व्यवधान) क्या मैं नाम ले रहा हूं?...(व्यवधान) सर, गुरु ग्रंथ साहिब से और क्या बड़ी बात होगी? ...(व्यवधान) मेरे बोलने की बारी आई हुई है । ...(व्यवधान) मैं आपकी बारी नहीं ले रहा हूं । ...(व्यवधान) क्या मैं आपकी बारी ले रहा हूं? मैं भी आपके जैसे चुन कर आया हूं और तीसरी बार चुन कर आया हूं ।...(व्यवधान)

सर, वह बाबा, जिसने गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की, सैक्रिलेज किया, उसके खिलाफ पंजाब में तीन जगह ट्रायल चल रहा है । वहां चार्जेज बिल्कुल

फ्रेम होने वाले हैं ।

सर, मेरे कहने का मतलब है कि सीबीआई का विश्वास है, दु**नि**या में विश्वास है, उसे बहाल करना है । आप चार तारीख को क्लोजर रिपोर्ट दे रहे हैं कि कुछ नहीं हुआ है । यह कैसे हो सकता है? सीबीआई के डीआईजी ने वहां पर इनवेस्टिगेशन की है और जज के सामने कोर्ट में तीनों लोग महेन्द्र पाल बिट्टू, शक्ति सिंह और सनी ने माना है कि हमने यह काम किया है । सीबीआई कैसी क्लोजर रिपोर्ट दे रही है? अब वह आदमी जेल में मारा गया, उसके बाद आप कह रहे हैं कि गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी नहीं हुई, गुरु ग्रंथ साहिब चोरी नहीं हुआ । क्या हम सीबीआई से यह आस रख सकते हैं? अमित शाह काबिल होम मि**नि**स्टर हैं और मेरे बहुत अच्छे मित्र भी हैं । आप सीबीआई से दोबारा केस खुलवाइए और इसकी तह तक जाइए ।

गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व आ रहा है और हम पाकिस्तान में करतारपुर साहब जा रहे हैं । क्या हम इस विश्वास के साथ वहां जाएंगे? ये दिन सारी दुनिया में मनाया जा रहा है । आप यदि चाहते हैं कि सीबीआई का नाम हो, सरकार का नाम हो और हम करतारपुर साहब जा सकें, तो सीबीआई को यह काम करना चाहिए । जब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी, मैं हमेशा यही गुजारिश करता रहूंगा ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा और श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले को श्री रवनीत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।